नगर निगम की 1500 रुपए की पर्ची और रोज सफाई के नाम पर वसूली, फिर भी नहीं मिल रही राहत

जस्सियां में कूड़े के ढेर पर सज रही सब्जी मंडी

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

हल्का नॉर्थ के जस्सियां क्षेत्र में कूड़े के बढ़ते ढेर अब लोगों के लिए बड़ी परेशानी बन चुके हैं। हालात यह हैं कि कूड़े के ढेर के बीच ही करीब 40 फड़ी विक्रेता रोज सब्जी मंडी लगाकर परिवार का पालन-पोषण करने को मजबूर हैं। बदबू और गंदगी के कारण ग्राहक भी मंडी में आने से कतराने लगे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कई दिनों से एक सामाजिक संस्था के बच्चों की ओर से जोन-ए कार्यालय से लेकर नगर निगम कमिश्नर तक लगातार शिकायतें भेजी जा रही हैं। इसके बावजूद कूड़ा नहीं उठाया गया। कूड़े के पहाड़ की तस्वीरें और वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।

फड़ी विक्रेता बाल किशन पप्पी, दर्शन साहनी और पिंकी देवी ने बताया कि वे वर्षों से यहां सब्जियां बेच रहे हैं। निगम उनकी फड़ी की 1500 रुपए की पर्ची काटता है। इसके अलावा सफाई कर्मचारी को भी रोजाना 20 रुपए प्रति फड़ी देने पड़ते हैं। इसके बावजूद सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप है और उन्हें कूड़े के ढेर के बीच बैठकर कारोबार करना पड़ रहा है।स्थानीय निवासी अमन गुप्ता, तरसेम सिंह और राजन कुमार ने आरोप लगाया कि जब मौजूदा पार्षद विपक्ष में थे, तब उन्होंने इसी कूड़ा डंप को हटाने के लिए धरना दिया था। अब सत्ता में आने के बाद भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। यह डंप पास में विकसित हो रही एक कॉलोनी और स्थानीय राजनीतिक खींचतान का नतीजा है। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं हुई है।

▪ चर्चा में राजनीतिक खींचतान...

जस्सियां में कूड़े के डंप को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक खींचतान की भी चर्चा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पास में विकसित हो रही कॉलोनी और स्थानीय नेताओं के बीच चल रहे विवाद के कारण यहां कूड़ा डंप किया जा रहा है। हालांकि, इन दावों की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। नगर निगम और जनप्रतिनिधियों ने भी इस संबंध में कोई स्पष्ट बयान नहीं दिया है। फिलहाल लोगों की मांग है कि राजनीति से ऊपर उठकर क्षेत्र को जल्द कूड़ा मुक्त किया जाए।

ये कूड़ा है या सब्जी...

पार्षद पति अशोक कुमार ने कहा कि रात के समय अज्ञात लोग यहां कूड़ा फेंक जाते हैं। इस संबंध में कई बार सेनेटरी इंस्पेक्टर को अवगत कराया गया, लेकिन मशीनें खराब होने का हवाला देकर कार्रवाई टाल दी गई। उन्होंने दावा किया कि सोमवार तक समस्या के समाधान का प्रयास किया जाएगा।

सेनेटरी इंस्पेक्टर तरविंदर कुमार ने बताया कि कॉम्पेक्टर मशीन खराब होने के कारण कूड़ा उठाने में दिक्कत आई है। मशीन ठीक होते ही पूरे डंप को हटाकर क्षेत्र की सफाई कर दी जाएगी।

129 को लौटाए मोबाइल, शिकायतों का समाधान

अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज़

खन्ना पुलिस ने शनिवार को एएस कॉलेज फॉर वूमेन में तीसरे जिला स्तरीय समाधान कैंप का आयोजन किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डॉ. दर्पण आहलूवालिया की अगुवाई में आयोजित इस कैंप में जिले के सभी आठ पुलिस थानों के अलावा विभिन्न शाखाओं के गजटेड अधिकारी, एसएचओ, चौकी प्रभारी और जांच अधिकारी मौजूद रहे।

लोगों की शिकायतें सुनी गईं और कई मामलों का मौके पर ही निपटारा किया गया। एसएसपी डॉ. दर्पण आहलूवालिया ने कहा कि जिला स्तरीय समाधान कैंप का उद्देश्य लोगों को एक ही मंच पर पुलिस से संबंधित सभी सेवाएं उपलब्ध कराना और शिकायतों का त्वरित, निष्पक्ष व पारदर्शी निपटारा सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से लंबित शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाता है। दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर कानून के अनुसार निष्पक्ष सुनवाई की जाती है, जिससे लोगों को बार-बार पुलिस कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते और समय पर न्याय मिल सके।

उन्होंने बताया कि कैंप में प्राप्त नई शिकायतों पर भी गंभीरता से कार्रवाई की जाती है। संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक मामले की जांच कर जल्द निपटारा करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। किसी भी शिकायतकर्ता को बिना वजह परेशान न किया जाए। कैंप की सबसे बड़ी उपलब्धि 129

गुम या चोरी हुए मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को लौटाना रही। पुलिस ने सीईआईआर तकनीक से मोबाइल फोन को बरामद किया था।

आप की जनसभा, हरजोत लोहटिया ने सरकार की उपलब्धियां गिनाईं

शुभम शर्मा | लुधियाना
समर न्यूज़

आम आदमी पार्टी की ओर से अपरा में आयोजित जनसभा में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और हलका इंचार्ज हरजोत कौर लोहटिया का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने मार्केट कमेटी फिल्लौर के चेयरमैन सुखदीप सिंह अपरा सहित नव-नियुक्त चेयरमैनों को बधाई दी। अपने संबोधन में लोहटिया ने कहा कि भगवंत मान सरकार जनता से किए वादे लगातार पूरे कर रही है और महिलाओं को हर माह 1,500 रुपये सम्मान राशि देने का फैसला ऐतिहासिक है। चेयरमैन सुखदीप सिंह ने किसानों के हित में सरकार की योजनाओं की सराहना की। अंत में एनआरआई जगमेल सिंह जग्गी ने सभी का धन्यवाद किया।

कूड़े के ढेर में भीषण आग

सहजप्रीत सिंह/लुधियाना/समर न्यूज़| *पक्खोवाल के पास पड़े कूड़े के बड़े ढेर में अचानक भीषण आग लग गई, जिससे पूरे इलाके में घने धुएं का गुबार फैल गया। आग के कारण आसपास का वातावरण प्रदूषित हो गया और लोगों को सांस लेने में परेशानी का सामना करना पड़ा। घटनास्थल से गुजरने वाले राहगीरों और वाहन चालकों को धुएं के कारण काफी दिक्कत हुई। आसमान में चारों ओर धुआं ही धुआं दिखाई देने से स्थानीय लोगों में स्वास्थ्य को लेकर चिंता बढ़ गई। लोगों ने प्रशासन से कूड़े के वैज्ञानिक निपटान और ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की।*

ईशर नगर पुल पर ट्रैक्टर की टक्कर से दो घायल, चालक गिरफ्तार किया

सहजप्रीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज़

ईशर नगर पुल पर शनिवार को तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से स्कूटर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना भीषण था कि टक्कर के बाद ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गया, जबकि स्कूटर उसके नीचे फंस गया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर चालक को हिरासत में लेकर थाने ले गई। वहीं, गंभीर रूप से घायल दोनों स्कूटर सवारों को तुरंत उपचार के लिए नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। हादसे के कारण कुछ समय तक घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल रहा और यातायात भी



प्रभावित हुआ। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु कराया। प्रारंभिक जांच के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

भाजपा लुधियाना को मिला नया प्रधान सुनील मोदगिल के सिर पर सजा ताज

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़

भारतीय जनता पार्टी ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वरिष्ठ एवं कर्मठ नेता सुनील मोदगिल को भाजपा लुधियाना का नया जिला प्रधान नियुक्त किया है।

उनकी नियुक्ति को संगठन के प्रति वर्षों की निष्ठा, सक्रियता और समर्पण का सम्मान माना जा रहा है। पार्टी कार्यकर्ताओं में उनके प्रधान बनने पर उत्साह का माहौल है और उन्हें बधाई देने का सिलसिला लगातार जारी है। सुनील मोदगिल लंबे समय से आरएसएस की विचारधारा से जुड़े रहे हैं। संघ के स्वयंसेवक के रूप में सामाजिक और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सक्रिय रहने के बाद उन्होंने भाजपा के संगठनात्मक कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

वे भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता, मंडल पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी तथा नगर निगम पार्षद के रूप में संगठन और जनता के बीच मजबूत पहचान बना चुके हैं। पार्टी के आंदोलनों में उनकी सक्रिय भूमिका रही है।

पुलिस डीएवी स्कूल में बाल मेला

लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज़

पुलिस डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, लुधियाना के फाउंडेशनल विंग ने शनिवार, 18 जुलाई 2026 को बाल मेला का आयोजन किया। यह बच्चों की रचनात्मक शिल्पकला की एक प्रदर्शनी थी। नर्सरी से लेकर दूसरी कक्षा तक के माता-पिता को बच्चों व शिक्षकों की मेहनत देखने के लिए आमंत्रित किया गया था।

विद्यार्थियों द्वारा गर्मियों की छुट्टियों के दौरान विभिन्न विषयों से संबंधित तैयार किए गए कार्यों की सुंदर प्रस्तुति देखकर माता-पिता और विद्यार्थी दोनों बहुत खुश थे। विभिन्न विषयों को दर्शाने वाले कई मॉडल और कलाकृतियों ने सभी को और बेहतर ढंग से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थी अपने बनाए हुए प्रोजेक्ट्स के बारे में आए हुए दर्शकों को जानकारी दे रहे थे।

माता-पिता ने भी इस बाल मेले में स्कूल के सानुभूतिक प्रयासों की प्रशंसा की। स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. श्रीमती अनुरमा वर्मा ने शिक्षकों, विद्यार्थियों और माता-पिता के सकारात्मक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि ऐसे मेले विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और उन्हें जीवन में काम आने वाले अनुभव हासिल करने के लिए प्रेरित करते हैं।

वीडियो डाल कहा- बच्चा मेरे साथ खुश व सुरक्षित

अशवनी पाहवा| लुधियाना
समर न्यूज़

सुंदर नगर स्थित एक मार्शल आर्ट क्लास से चार वर्षीय बच्चे को कार में ले जाने का मामला सामने आया है। बच्चे की मां ने अपने पति व ससुराल पक्ष पर बेटे के अपहरण का आरोप लगाया है। वहीं, पति ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि बच्चे का अपहरण नहीं किया गया, बल्कि वह उसकी कस्टडी में है।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।महावीर जैन कॉलोनी निवासी मोनालिका ने बताया कि वीरवार शाम वह अपने चार वर्षीय बेटे सुवास को सुंदर नगर स्थित 'द ग्रेट इंडियन मार्शल आर्ट स्कूल' में ट्रेनिंग के लिए छोड़कर आई थी। कुछ देर बाद सूचना मिली कि दो युवक क्लास के अंदर पहुंचे और बच्चे को गोद में उठाकर सिल्वर रंग की बलेनो कार में बैठाकर ले गए। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फुटेज में दोनों युवक बच्चे को जल्दबाजी में कार में बैठाते दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान बच्चे का सिर कार के दरवाजे से भी टकरा गया।

मोनालिका ने आरोप लगाया कि उसके पति करण बावा और ससुराल पक्ष ने बेटे को जबरन अपने साथ ले गए हैं। उसने बताया कि दोनों के बीच तलाक का मामला अदालत में विचाराधीन है। यदि पति को बच्चे से मिलना था तो उसे कानूनी प्रक्रिया अपनानी चाहिए थी। महिला का दावा है कि इससे पहले 10 जून को भी बच्चे को जबरन ले जाने का प्रयास किया गया था। बेटे के लापता होने के बाद महिला ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर पुलिस से बच्चे को सुरक्षित वापस लाने की अपील की। उसने बताया कि घटना के दौरान सिल्वर बलेनो कार के साथ एक काले रंग की थार भी मौके पर मौजूद थी।

जीजा ने साथियों संग किया हमला, ईंट-पत्थर व सरियों से साले पर किया वार

अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज़

सिविल लाइन क्षेत्र में सांझी संपत्ति के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि एक जीजा अपने 5-7

साथियों के साथ साले के घर पहुंचा और ईंट-पत्थरों व लोहे की सरियों से हमला कर दिया।

हमले में साला गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें कथित तौर पर दोनों पक्षों के बीच विवाद के बाद ईंट-पत्थर चलाते हुए लोग दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई करने की बात कही है। पीड़ित हैप्पी मेहरा (51) ने बताया कि परिवार की सांझी संपत्ति को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। संपत्ति में सात हिस्सेदार हैं। आरोप है कि उसकी छोटी बहन अनिता रानी पूरी जगह पर कब्जा करना चाहती है। इसको लेकर पहले भी कई बार विवाद हो चुका है। पीड़ित का आरोप है कि बहन ने पहले वहां तोड़फोड़ करवाई और विरोध करने पर पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई गई।

हैप्पी के अनुसार शुक्रवार रात करीब 11:30 बजे बहन ने अपने पति कमाल गारेवाल को मौके पर बुला लिया। आरोप है कि कमाल 5-7 लोगों के साथ वहां पहुंचा और आते ही ईंट-पत्थरों व लोहे की सरियों से हमला कर दिया। हमले में हैप्पी के सिर पर गंभीर चोटें आईं। घटना के दौरान इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घायल हैप्पी ने आरोप लगाया कि हमलावर दोबारा भी उनके परिवार को निशाना बना सकते हैं। उन्होंने पुलिस से आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और परिवार की सुरक्षा की मांग की है।

सिमरजीत बैंस और कमलजीत कड़वल ने साथ मिल काम करने का संकल्प लिया

सौरव अरोड़ा | लुधियाना
समर न्यूज़

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक सिमरजीत सिंह बैंस और कांग्रेस नेता कमलजीत सिंह कड़वल के बीच लंबे समय से चला आ रहा राजनीतिक विवाद शुक्रवार को समाप्त हो गया।

दोनों नेता गुरुद्वारा श्री आलमगीर साहिब पहुंचे, जहां उन्होंने माथा टेककर अरदास की और एक दूसरे को गले लगाते हुए अपने सभी मतभेद भुलाकर फिर से साथ काम करने का ऐलान किया। दोनों नेताओं ने कहा कि गुरु घर की हजूरी में उन्होंने अपने गिले-शिकवे समाप्त कर दिए हैं और अब जनता की सेवा तथा कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए काम करेंगे।

लोकसभा चुनाव के दौरान बढ़े थे मतभेद

राजनीतिक हलकों के अनुसार, वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान उम्मीदवार के समर्थन, चुनावी रणनीति और संगठनात्मक फैसलों को लेकर दोनों नेताओं के बीच मतभेद खुलकर सामने आए थे। इसके बाद कई सार्वजनिक कार्यक्रमों में दोनों अलग-अलग नजर आए और उनके समर्थकों के बीच भी बयानबाजी तथा खींचतान का माहौल बना रहा। यह राजनीतिक दूरी करीब डेढ़ से दो वर्ष तक जारी रही।

समर्थकों से भाईचारा बनाए रखने की अपील

गुरुद्वारा श्री आलमगीर साहिब में अरदास के बाद दोनों नेताओं ने कहा कि व्यक्तिगत मतभेदों से ऊपर उठकर समाज और पार्टी के हित में मिलकर काम करना समय की जरूरत है। उन्होंने अपने समर्थकों से भी आपसी भाईचारा बनाए रखने, किसी प्रकार की बयानबाजी से बचने और संगठन को मजबूत करने में सहयोग देने की अपील की। सिमरजीत सिंह बैंस ने कहा कि गुरुद्वारा साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब की हजूरी में दोनों ने अपने मन की बातें रखीं और सभी गिले-शिकवे समाप्त कर दिए हैं।

पर्यावरण

वन महोत्सव में मुख्य अतिथि का प्रेरक संदेश- आज लगाया पौधा, कल बनेगा जीवन का आधार

वन महोत्सव के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रकृति के संरक्षण का दिया गया संकल्प

समर न्यूज़ | लुधियाना

प्रकृति संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और हरित भविष्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल, साहनेवाल में वन महोत्सव समारोह का आयोजन किया गया।

पूरे विद्यालय परिसर में हरियाली, उत्साह और प्रकृति प्रेम का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण के महत्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के माननीय निदेशक रेवेरेंड फादर ज़ेवियर, प्रधानाचार्या रेवेरेंड सिस्टर लिटल थेरेस, उप-प्रधानाचार्या सिस्टर थेरेस जॉन, सिस्टर रंजीता तथा स्टाफ सेक्रेटरी ने मुख्य अतिथि वन परिक्षेत्र अधिकारी (रेंज ऑफिसर) कमलप्रीत सिंह और विशिष्ट अतिथि वन बीट अधिकारी कुलदीप सिंह (साहनेवाल) का विद्यालय बैंड के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया। समारोह का शुभारंभ प्रभु की आराधना स्वरूप मधुर प्रार्थना गीत से हुआ। इसके बाद मंच संचालकों ने अतिथियों का स्वागत किया और उन्हें बैज पहनाकर तथा पौधे भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने 'वन महोत्सव का महत्व' विषय पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत करते हुए वृक्षों की उपयोगिता, पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन जैसी समसामयिक चुनौतियों पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों की भावपूर्ण कविता और 'प्रकृति का महत्व' विषय पर एकालाप ने उपस्थित सभी लोगों को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का एहसास कराया।

मुख्य आकर्षण पंजाबी नाटक रहा, जिसमें पर्यावरण संरक्षण का संदेश रोचक और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा वृक्षों पर आधारित समूहगान और रंगारंग सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुतियों ने भी सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि कमलप्रीत सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि "आज लगाया गया एक पौधा आने वाली पीढ़ियों के जीवन का आधार बन सकता है।" उन्होंने विद्यार्थियों से हर वर्ष कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

विद्यालय के निदेशक रेवेरेंड फादर ज़ेवियर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनने और वृक्षारोपण को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की ओर से धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। इसके बाद विद्यार्थियों और शिक्षकों ने ग्रीन प्लेज (हरित संकल्प) लेते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनकी देखभाल करने और पर्यावरण संरक्षण के लिए सदैव समर्पित रहने का संकल्प लिया।

विद्यालय में औषधीय पौधों पर आधारित विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई। मुख्य अतिथियों ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने औषधीय पौधों की विशेषताओं और उनके महत्व को उत्साहपूर्वक जाना। यह आयोजन विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति प्रेम और सामाजिक उत्तरदायित्व विकसित करने की दिशा में प्रेरणादायी एवं सफल साबित हुआ।

कूड़ा फेंकने वालों के होंगे चालान : मेयर



लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

शहर को स्वच्छ और साफ-सुथरा बनाने के उद्देश्य से नगर निगम की ओर से 'मिशन क्लीन पंजाब' के तहत शनिवार सुबह मेयर प्रिंसिपल इंदरजीत कौर ने जवद्दी क्षेत्र और मिनी सचिवालय का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था का जायजा लेने के साथ सफाई कर्मचारियों की हाजिरी भी जांची और स्थानीय लोगों से बातचीत कर फीडबैक लिया। निरीक्षण के दौरान मेयर इंदरजीत कौर ने अधिकारियों के साथ जवद्दी के एक पार्क में पौधारोपण भी किया। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण और शहर को हराभरा बनाने में योगदान दें। मेयर ने कहा कि शहर को स्वच्छ रखना केवल नगर निगम की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की भी जिम्मेदारी है।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह। एग्जीक्यूटिव एडिटर : नितिन उपमन्यु । मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। *समाचार चयन के लिए PRP एक्ट के तहत जिम्मेदार। सभी विवादों का न्यायाधिकार क्षेत्र लुधियाना होगा। RNI No. CHMUL/25/A1155